हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024

11 संसाधनों की कमी से नहीं टूटेगा छात्राओं का सपना



12 ब्रेल लिपि से पढ़कर दिव्यांग बच्चे उच्च पदों ...



## खबर संक्षेप

### डॉ. अजय सिंह आज करेंगे तोशाम का दौरा

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला पांच जनवरी को तोशाम हलके के छह गांवों का दौरा करेंगे। जजपा हलका प्रधान राजेश भारद्वाज व इनसो राष्ट्रीय सदस्य सुखबीर संडवा ने बताया कि डॉ. अजय सिंह चौटाला पांच जनवरी को हलके के गांव बापोड़ा में सुबह 10:30 बजे शिरकत करेंगे। 11:30 बजे केहरपुरा, एक बजे भानगढ़, दोपहर 2 बजे ढांगर, तीन बजे, शिमली व चार बजे संडवा में पहुंचकर आमजन से मुलाकात करेंगे तथा समस्याएं सुनेंगे।

### हरियाणा मिट्टी कला बोर्ड के अध्यक्ष सात को नुनसर में

**भिवानी।** हरियाण मिट्टी कला बोर्ड का अध्यक्ष ईश्वर सिंह मालवाल का जिला के गांव नुनसर में सात जनवरी को सम्मान समारोह व जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाण मिट्टी कला बोर्ड का सम्मान समारोह व जन सवादं कार्यक्रम सात जनवरी को प्रात 11:00 बजे गावं नुनसर में होगा।

### महिलाओं व बुजुर्गों के लिए प्रतियोगिताएं 7 को

**तोशाम।** गांव भेरा में सात जनवरी को महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएगी। खेल आयोजक एवं समाजसेविका डॉ. सुनीता जनावा ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर बुजुर्गों में महिलाओं के लिए प्रत्येक रविवार को खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसका शुभारंभ सात जनवरी से होगा। महिलाओं तथा बुजुर्गों की रस्साकस्सी, चम्मच दौड़, बोरी दौड़, 100 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी।

### नशा तस्कर को 5 वर्ष का कारावास और जुर्माना

**भिवानी।** अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी को पांच साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने हाल्लू मोहल्ला भिवानी से व्यक्ति को 1 किलो 200 ग्राम गांजा व 500 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपित भारत निवासी हालू मोहल्ला भिवानी को अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए उसे 05 वर्ष की कैद तथा 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई।

### रिकार्ड न दिए जाने पर ग्राम सचिव पर केस दर्ज

**बहल।** ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंचों को रिकॉर्ड नहीं दिए जाने पर तत्कालीन ग्राम सचिव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में ग्राम सचिव ने सभी पंचायतों को रिकॉर्ड दिए जाने की जानकारी दी थी। पर बीडीपीओ बहल द्वारा जब इस बारे में जानकारी ली गई तो यह बात झूठी साबित हुई। बीडीपीओ विनोद सांगवान की शिकायत पर ग्राम सचिव के खिलाफ पुलिस ने सरकारी राशी के गबन सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# दूसरे दिन उपायुक्त कार्यालय के बाहर दहाड़े पटवारी, अटके लोगों के काम

## विद्यार्थियों के शपथ पत्र सत्यापन आदि के कार्य पूरी तरह से बाधित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/चरखी दादरी

लंबित मांगों को लेकर पटवारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल की वजह से भूमि से संबंधित कार्य इंतकाल दर्ज नहीं हुए। यहां तक कि जमीन आदि की रजिस्ट्री के भी काम दूसरे दिन भी अटके रहे। पटवारियों की हड़ताल के चलते विद्यार्थियों के शपथ पत्र सत्यापन आदि के कार्य पूरी तरह से बाधित रहे। पटवारियों के न पहुंचने की वजह से तहसील कार्यालय में भूमि से संबंधित कोई भी कार्य नहीं हो पाया। दिनभर लोग जमीन से संबंधित कार्यो को लेकर चक्कर लगाते रहे।

दूसरी तरफ मांगों को लेकर पटवारियों का उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला भिवानी के उप प्रधान विकास राठी ने बताया कि विगत में सरकार ने बढ़े हुए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से काल्पनिक और 25 जनवरी से वास्तविक रूप से लागू करवाए जाने का भरोसा दिलाया था,लेकिन आज तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। धरने को संबोधित करते हुए शैलेंद्र सिंह व बलबीर पटवारी ने कहा कि नायब तहसीलदार की परीक्षा जो हर छह महीने पर होनी चाहिए वो पिछले तीन साल से नहीं हुई है उसको जल्द से जल्द कराया जाए जिससे हमारी पदोन्नति समयानुसार हो सके। हमारे विभाग का कार्य लगभग ऑनलाइन हो गया है तो पटवारियों और कानूनगो को भी ऑनलाइन कार्य के लिए अच्छे क्वालिटी के टैब और लैपटॉप दिए जाएं। मंच संचालन तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा पटवारी ने किया। चरखी दादरी जिला के आप पार्टी अध्यक्ष धनराज कुंडू, एसकेएस से सूरजभान जटासरा व संदीप सांगवान, पब्लिक हेल्थ से वीरेंद्र व हंसराज,मास्टर शेर सिंह,डॉ. बलबीर सिंह, सूबेदार मेजर वीरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने भी धरने को समर्थन दिया। इस अवसर पर पूर्ण शर्मा कानूनगो,दिलीप कानूनगो, राजेन्द्र कानूनगो, जगदीश कानूनगो,कृष्ण कानूनगो, शैलेन्द्र कुमार पटवारी, अनुज पटवारी, मोहनलाल, राकेश, निखिल,रवि पटवारी,जयचंद,रोहतास, प्यारेलाल, प्रदीप, परमिल पटवारी, राजेश मुटरेजा, शैलेश पटवारी, संदीप रोहिल्ला पटवारी आदि जिले के सभी पटवारी व कानूनगो उपस्थित थे।





भिवानी। बृहस्पतिवार को मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर और चरखी दादरी में नारेबाजी करते पटवारी। फोटो : हरिभूमि

### चरखी दादरी में धरना जारी

द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का तीन दिवसीय सांकेतिक धरना दूसरे दिन वीरवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रधान कुलबीर सांगवान ने कहा कि धरना प्रदर्शन राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर राज्यभर में चल रहा है। सांगवान ने कहा कि पटवार कानूनगो एसोसिएशन के धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जब तक वादे के मुताबिक ग्रेड.पे की बढ़ोतरी 1 जनवरी 2016 से नहीं करती है तब तक मांगों व मुद्दों के लिए आंशिक धरना चलता रहेगा। धरना स्थल पर सर्व कर्मचारी संघ के उप.प्रधान यशपाल सांगवान, जिला सचिव रामपाल, किसान सभा से रणधीर सिंह, राजेश पैंतावास पहुंचकर धरने का समर्थन दिया। मंच संचालन संजीव श्योराण पटवारी ने किया।

### कर्मचारियों की जायज मांगों को तुरंत लागू करें

धरना स्थल पर संगठन के जिला सचिव राजकुमार बसिया ने बताया कि पटवारी कानूनगो की सभी मांगे जायज है सरकार को तुरंत प्रभाव से मांगे माननी चाहिए । इस मौके पर जिला कमेटी सदस्य का. धर्मवीर ने बताया कि बीजेपी सरकार कारपोरेट घरानों के हित लाभ के लिए हर महकमें का निजीकरण कर रही है और जो चंद नौकरियां बची हुई है उन में आउटसोसिंग के तहत या ठेकेदारी प्रथा के तहत चंद पैसों में कर्मचारी रखे जा रहे हैं जिन का भविष्य अंधकार मय है उन्होंने अपनी जायज मांग को लेकर आंदोलन कर रहे गेस्ट टीचरों पर सरकार द्वारा लाठी चार्ज करवाने की भी घोर निंदा की वह सभी कर्मचारियों की जायज मांगे को तुरंत लागू करें। उन्होंने कर्मचारियों से भी अपील की की सरकार से अपनी मांगे मनवाने के लिए संयुक्त मोर्चे का गठन कर किसानो की तरह आंदोलन को तेज करें व सरकार को मांगे मानने के लिए मजबूर करें धरना स्थल पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव का.रोहतास सिंह ने भी मांगों का समर्थन किया।



भिवानी। मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# अधिकारियों के तानाशाही रवैये को लेकर यूनियन ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ धरने की अध्यक्षता विनोद पारखी ने और मंच संचालन ईश्वर खुंडिया बापोड़ा ने किया

आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की धरना शाखा भिवानी जनस्वास्थ्य विभाग के डिविजन नम्बर वन में दिया गया। जिसकी अध्यक्षता विनोद पारखी ने की व मंच संचालन ईश्वर खुंडिया बापोड़ा ने किया। धरने में अधिकारियों की तानाशाही नीति के बारे में प्रदर्शन किया गया जिसमें हरियाणा कौशल रोजगार निगम व नियमित कर्मचारियों के साथ तानाशाही रवैया अधिकारियों द्वारा किया जा रहा हैए उसकी निंदा की गई। उनके खिलाफ ब्रांच शिष्टमंडल ने बार.बार अवगत करवाने पर भी कर्मचारियों का कोई समाधान नहीं हो रहा है। जिस कारण आज यह धरना देने का निर्णय लिया गया है।

धरने को संबोधित करते हुए जिला प्रधान संजय मिश्रा ने कहा कि डिवीजन नम्बर वन के कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अभियंता दोनों अधिकारी तानाशाही नीति को अपना रहे हैं। कर्मचारियों के हाजिर होने पर भी उनको गैरहाजिर दिखाया जा रहा है। अधिकारी उनके हाजिर रजिस्टरों को भी साइट से लेकर चले गये। मिश्रा ने कहा कि अगर अधिकारियों ने तानाशाही रवैया नहीं छोड़ा तो इससे भी बड़ा आंदोलन छेड़ने से कर्मचारी यूनियन पीछे नहीं हटेगी। जिला महासचिव अनिल बडगुजर ने भी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी कर्मचारियों से गुलाम की तरह काम करवा रहे हैंएजिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। जिला उपप्रधान अनिल कांगड़ाए ब्रांच उपप्रधान सुनील ने भी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें संघर्ष करने का आह्वान किया।

इस धरने पर धर्मेंद्र, राजेश कुमार, मुकेश, प्रैस प्रवक्ता गौरव,रवि, राजेश, कुलदीप, राजबीर,आकाश समेत अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

# डीसी ने सीएम विंडो की शिकायतों को गंभीरता से लेने के दिए निर्देश



भिवानी। सीएम विंडो की शिकायतों की समीक्षा बैठक में डीसी व अन्य अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ उपायुक्त मनदीप कौर ने अफसरों को दिए निर्देश

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन डिजीटल प्लेटफार्म पर प्रभावी रूप से किया जा रहा है। ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित सीएम विंडो पर आने वाली समस्याओं व शिकायतों का निवारण तत्परता से करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई ना बरतें। उपायुक्त मनदीप कौर ने वीरवार को सीएम विंडो की शिकायतों की समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को ये निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निवारण सुनिश्चित करें तथा इन पर प्राथमिकता के आधार पर एक्शन लें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी भी प्रकार से कोताही ना बरती जाए। जिन विभागों ने सीएम विंडो से संबंधित शिकायत अंडरटेक नहीं की हैं, उनको तुरंत अंडरटेक करें। सीएम विंडो सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसकी मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत निवारण पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के संदर्भ में सही दस्तावेज ही पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। सभी अधिकारी सीएम विंडो के संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की रोजाना व्यक्तिगत तौर पर निगरानी रखें। सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों में कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह, एसडीएम सुरेश कुमार व नवीन कुमार, आएसडी टू डीसी शुभम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ वीरवार को गांव खावा व जैनावास में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



भिवानी। उपभोक्ताओं को गैस चूल्हा देती जिप चेयरपर्सन मलिक। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव खावा व जैनावास में पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया व विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने गांव जैनावास में गली के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये व 30 स्ट्रीट लाइटें दिए जाने की घोषणा की। चेयरपर्सन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के लोगों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में मिली जीत ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगा दी है। गरीब को उसका हक दिलाना ही प्रधानमंत्री मोदी का सपना है, जो अब साकार होने जा रहा है। पात्र परिवारों व लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उनके घर द्वार तक पहुंचाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। क्रेशर संगठन के प्रधान कृष्ण मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीब व्यक्ति को पांच लाख का सालाना स्वास्थ्य बीमा दिया है। इस मौके पर चेयरपर्सन मलिक ने उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला प्रधान कुलदीप पायल, क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण मलिक, खावा से सरपंच राजवंती, सरपंच प्रतिनिधि औमप्रकाश, बंसीलाल, सुरजभान, जयभगवान, रामसिंह, मनफूल, जयवीर, जैनावास में सरपंच रीतू, सरपंच प्रतिनिधि रमेश झाझड़िया, शिवचरण, दयानन्द, सत्यवान आदि मौजूद रहे।

### सात को दिए जाएंगे सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग

**तोशाम।** उपायुक्त एवं रेडक्रास अध्यक्ष नरेश नरवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए गत दिनों जांच शिविर आयोजित किए थे तथा शिविरों में 389 वरिष्ठ नागरिकों का 2610 भिन्न-भिन्न सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण किया गया था। इन वरिष्ठ नागरिकों को 7 जनवरी को अनाजमंडी तोशाम में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की व्योश्री योजना के अंतर्गत गत माह में वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच शिविरों में पंजीकरण करवाया था। अब उन सभी को 7 जनवरी को अनाज मंडी तोशाम में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण किए जाएंगे।

### ड्रग्स की रोकथाम के लिए अधिकारी आपसी तालमेल के साथ आवश्यक कदम उठाएं: करवा

**भिवानी।** एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय डीआरडीए हॉल में उप मंडल स्तरीय समन्वय एनसीओआरडी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम करवा ने नशीला पदार्थ जैसे चरस, गांज, हैरोइन, स्मैक, कोकीन, और ड्रग्स आदि पर पूर्णरूप से अंकुश लगाने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल बनाकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

**विद्यार्थियों को समझाना बेहद जरूरी:** एसडीएम ने कहा कि ड्रग्स के प्रति जागरूकता के लिए विशेषकर विद्यार्थियों को समझाना जरूरी है कि वे नशीले पदार्थौरं का सेवन बिल्कुल न करें। ड्रग्स का सेवन जीवन को तबाह कर देता है। इससे न केवल हमारा स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि जीवन ही बर्बाद हो जाता है। उन्होंने स्कूलए कॉलेज प्राचायोंर् व पुलिस विभाग को इस दिशा में सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में क्लिनिकल साइक्लोजिस्ट को निर्देश दिए कि वे कॉलेजों व स्कूलों के प्राचार्य व मुख्याध्यापकों से बातचीत करके नशा मुक्ति के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। क्लिनिकल साईक्लोजिस्ट डॉ. सुमन ने एसडीएम को बताया कि गांव हालुवास, निमड़ीवाली,प्रहलादगढ़,खरक, पालुवास के स्कूलों में नशा मुक्ति का प्रचार.प्रसार किया जा चुका है।



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर बैंक के आगे बैठे किसान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# बैंक फ्राड को लेकर धरने पर बैठे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ 700-800 किसानों के के सीसी खातों व स्थाई जमा योजनाओं से करोड़ों निकालने के आरोप

गांव कुंगड़, दौलतपुर खेड़ी, भैणी जाटान व ठाकरान के ग्रामीण अपने साथ हुए बैंक फ्राड के विरोध में भारतीय स्टेट बैंक कुंगड़ ब्रांच के सामने दूसरे दिन भी फ्राड हुए अपने पैसे लेने वास्ते धरने पर बैठने के लिए मजबूर हो गए । गौरतलब है कि पिछले छह महीने से पता लगा कि कुंगड़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मैनेजर ने 700-800 किसानों के के सीसी खातों व स्थाई जमा योजना से करोड़ों रुपये निकाल कर बड़ा घोटाला कर दिया ।

घोटाले की बैंक के उच्च अधिकारियों ने जांच पड़ताल तो की है तथा घोटाले के आरोपी मैनेजर के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही भी हुई है, परन्तु जिन किसानों के खातों का पैसा अनधिकृत रूप से निकाल लिया,उन्हें निकाला पैसा वापिस नहीं दिया जा रहा है ,इसलिए जब तक पीड़ित किसानों को ब्याज समेत पैसा वापिस नहीं मिल जाता या ठोस आश्वासन नहीं मिल जाता,तब तक किसान बैंक के सामने धरने पर बैठने पर मजबूर हैं । उधर किसानों का आक्रोश देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक के हिसार स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक सन्तोख सिंह भंगल अपने स्टाफ सहित त कुंगड़ में किसानों के बीच आए तथा लिखित में आश्वासन दिया कि बैंक पीड़ित व प्रभावित किसानों को ब्याज समेत पूरा पैसा 45 दिनों में वापिस कर देंगे तथा एक सप्ताह में उनके अनधिकृत रूप से निकाले गए पैसे का ब्यौरा सभी किसानों को लिस्ट सुपुर्द कर देंगे । किसानों ने भी उनके आश्वासन पर बैंक के सामने धरना उठाकर सामने दूर रख लिया ।

## युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने शहर में निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लोगों में सुरक्षा का अहसास करवाने, जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के निर्देशानुसार डीएसपी सुभाषचन्द्र के नेतृत्व में दंगारोधी उपकरणों सहित दर्जनों महिला व पुरूष पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ शहर में पैदल मार्च निकाला।

वीरवार शाम को दादरी के महिला थाना से दर्जनों पुलिसकर्मियों के साथ पैदल मार्च शुरू हुआ। पुलिस ने पैदल मार्च महिला थाना से शुरू किया, जो भगवान परशुराम चौक, सरदार झाडू सिंह चौक, झज्जर घाटी, रंगीला हनुमान मन्दिर, पंचनन्द चौक, गौशाला चौक, बाल्मीकि नगर, कबीर नगर, बधवाना गेट, छोटी बाजारी, हीरा चौक, झाडू सिंह चौक, भगवान परशुराम चौक होते हुए महिला थाना में संपन्न हुआ। डीएसपी ने जगह-जगह पर स्थानीय नागरिकों व दुकानदारों से बातचीत कर समस्याएं जानी और संबंधित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को समाधान के बारे दिशा-निर्देश दिए। आम नागरिकों से पुलिस की इस मुहिम की प्रशंसा की ।



भिवानी। शहर में पैदल मार्च निकालते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### नशे से दूर रहें लोग

डीएपी सुभाषचन्द्र ने पैदल मार्च के दौरान लोगों से उनके क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के बारे में जानकारियां ली। उन्होंने लोगों से बात करते हुए कहा कि हम सभी को खुद नशे से दूर रहने के साथ-साथ अन्य लोगों विशेषकर युवाओं को भी इससे दूर रखना चाहिए। युवाओं को अपना ध्यान पढ़ाई व खेलों की तरफ रखना चाहिए। पढ़ाई व खेल के माध्यम से ही हम अपना, क्षेत्र का, प्रदेश व देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका सकते हैं।

### जनता में सुरक्षा की भावना

डीएसपी सुभाषचन्द्र ने बताया कि पैदल मार्च का उद्देश्य क्षेत्र की जनता में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, मनोबल बढ़ाने, नागरिकों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन के प्रति प्रेरित करना, नशे की रोकथाम व युवाओं को पढ़ाई व खेलों की तरफ प्रेरित करना रहा।



रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग

बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को



फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।

### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *





### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक

**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें





1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।

2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।

4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।

मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86

1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी




सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्सट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो**-141 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142



बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।





## खबर संक्षेप

### छात्राओं को कलात्मक जीवन जीने की दी प्रेरणा

**भिवानी।** राजकीय वमा विद्यालय रतेरा में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डिवलेपमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सर्दी की छुट्टियों में स्कूली छात्राओं ने भाग लिया। कैंप में बैंकिंग एंड फाइनेंस विभाग की शिक्षिका मीनाक्षी वधवा, शिक्षिका आशा कल्सन ने आर्ट एंड क्राफ्ट के साथ हेल्थ, बैंकिग व भाषा के संचार के बारे में जानकारी दी। कैंप के दौरान रिसॉर्सपर्सन को प्रतिदिन आमंत्रित किया।

### विवाहिता घर से हुई लापता पति ने करवाया मामला दर्ज

**तोशाम।** क्षेत्र के गांव से विवाहित महिला घर से लापता हो गई, जिसकी शिकायत महिला के पति ने पुलिस को दी है तथा पुलिस ने पति की शिकायत पर महिला की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी गत एक जनवरी को शाम करीबन पांच बजे घर से लापता हो गई, उसने अपनी पत्नी की आसपास सहित हरसंभव जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा।

### स्काऊट चौक बनाने के लिए सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** भिवानी में स्काऊट चौक बनाने की मांग को लेकर स्काऊटस एंड गाइड्स ने नगर परिषद के चेसरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप को मांगपत्र सौंपा। गुरप लीडर सागर ने कहा कि भारत में 1918 में पंडित मदन मोहन मालवीय के प्रयास से भारतीय बच्चों के लिए श्रीराम बाजपेयी के साथ मिलकर डॉ. हृदयनाथ कुंजरू ने स्काउटस की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य युवा पीढ़ी में देशभक्ति, शिष्टाचार, अनुशासन की भावना जागृत करना था।

### फार्मेसी वर्ग ने सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग के फार्मेसी वर्ग ने गुरुवार को लंबित मांगो के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक के नाम सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट के राज्य प्रेस सचिव एवं जिलाध्यक्ष अनिल झांवरी ने बताया कि सरकार की अनदेखी से प्रदेशभर के फार्मेसी ऑफिसर में रोष है तथा मांगें नही माने जाने पर आंदोलन का रुख कर सकते हैं।

### कैंप में स्वयंसेवकों को किया मोटिवेट

**बवानीखेड़ा।** गांव बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के चौथे दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार के साथ की गई जिसमें विद्यालय प्राचार्य जयबीर सिंह सिवाच के मार्गदर्शन में बलियाली पीएचसी से डॉ. मनीषा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके स्वयं सेविकाओं को पर्सनल हाइजीन, लाइफ स्टाइल, गुड हैबिट्स, किशोरावस्था की समस्याएं एवं समाधान पर अपना विशेष व्याख्यान दिया।

### श्री लखदातार महोत्सव के लिए किया भूमि पूजन

**भिवानी।** छोटी काशी का श्रीलखदातार मुनीम मित्र मंडल आगामी सात जनवरी को श्रीश्याम प्रभू खाटू वाले का महोत्सव करने जा रहा है, जिसके लिए गुरुवार राधा स्वामी सत्संग भवन में भूमि पूजन करके श्रीगणेश सहित सभी देवी-देवताओं को महोत्सव में आने का न्योता दिया। ये महोत्सव राधा स्वामी सत्संग भवन में दोपहर बाद 3:15 बजे आरम्भ होगा।

### नई ऊर्जा का संचार करते हैं एनएसएस शिविर

**भिवानी।** एनएसएस के शिविर बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करते है तथा बच्चों में समाजिक कार्यों के प्रति लग्न भी पैदा करता है, जिसके चलते आगे चलकर बच्चे अच्छे समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं, इससे बच्चों को अनुशासन में रहकर काम करने की कला आती है और अनुशासन ही आजकल सफलता की कुंजी है। ये बात गांव पुर के राजकीय कन्या वमा विद्यालय की एनएसएस इंचार्ज सुनीता ने सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

# स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे, अभिभावकों को एडमिशन के लिए किया प्रेरित

- शिक्षा विभाग के बीआरसी टीम ने शहर की झुग्गी झोपड़िया व सलम बस्तियों में ड्रॉप आउट बच्चों की सर्वे के लिए विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

शिक्षा विभाग में दादरी जिले में स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों का सर्वे शुरू किया है। सर्वे में ऐसे बच्चों को चिन्हित कर दाखिला दिलवाया जाएगा।

इस अभियान के तहत बच्चों के परिजनों को भी दाखिले के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नए सत्र से इन बच्चों का दाखिला करवाया जाएगा। शिक्षा विभाग के बीआरसी टीम ने शहर की झुग्गी झोपड़िया व सलम बस्तियों में ड्रॉप आउट बच्चों की सर्वे के लिए विशेष अभियान चलाया। जिसमें 6 से 14 साल व 15 से 19 वर्ष के बच्चों का सर्वे किया गया ताकि नए सत्र में सभी बच्चों को स्कूलों से जोड़ा जा सके। बीआरसी ईशान ने बताया कि सर्वे के दौरान बहुत से बच्चे ऐसे मिले हैंए जिन्होंने स्कूल छोड़ दिया है।

झुग्गी झोपड़ी रहने वाले परिवार बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। दर्जनों बच्चे कैसे मिले हैं जिनका कभी स्कूलों में दाखिला ही नहीं करवाया गया। ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है और नए सत्र से स्कूलों में दाखिला करवाया जाएगा। जिसके लिए बच्चों के परिजनों को भी जागरूक किया जा रहा है।

### झुग्गी बस्तियों व स्लम एरियाए में चला अभियान

**हर बच्चे के दाखिले प्रयास**

शिक्षा विभाग की तरफ से प्रयास किया जा रहा है कि हर बच्चे का स्कूल में दाखिला हो। किन्हीं कर्म से जो बच्चा स्कूल छोड़ चुका है उसको भी दोबारा स्कूल में दाखिला करवाया जाएगा। सर्वे में पाया गया है कि शहर में सैकड़ों बच्चों ने अब तक दाखिला नहीं लिया है। इन बच्चों के परिजन पढ़ाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। बच्चों से मजदूरी करवाते हैं। शहर की झुग्गी.बस्ती में रहने वाले बच्चों के लिए व्यवस्थित और सुनियोजित प्रारंभिक शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था हो। आज आवश्यकता आयुवर्ग के बच्चों की क्षमताए आवश्यकता तथा ग्रहणशीलता के स्तर को देखते हुए पूर्व प्राथमिक शिक्षा का एक ऐसा कार्यक्रम तैयार किया जाएए जो बच्चे के परिवेश व परिस्थितियों के अनुकूल हो। उनके विकास को गति प्रदान करे।


चरखी दादरी। झुग्गी झोपड़ी में सर्वे करते शिक्षा विभाग के कर्मचारी।

**सर्वे व जागरूकता एक साथ**

शिक्षा विभाग द्वारा ड्रॉप आउट बच्चों के सर्वे के साथ परिजनों को जागरूकता करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया है। खंड शिक्षा कार्यालय की तरफ से परसराम हेतराम विद्यालय के समीप झोपड़ियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें खंड के बीआरपी ने झुग्गी झोपड़ियों में 6.14 और 15.19 वर्ष के बच्चों को विद्यालय भेजने पर जोर दिया व विद्यालय न जाने के कारणों पर चर्चा की ।

## नारी सशक्तिकरण, हेल्थ पर विशेष मुहिम चलाएगा बीपीएमएस

# संसाधनों की कमी से नहीं टूटेगा छात्राओं का सपना

### भिवानी परिवार मैत्री संघ ने किया छोटी काशी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा छोटी काशी का् कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में किया गया। इसमें संस्था के अध्यक्ष, समाजसेवी व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि राजेश चेतन ने नारी सशक्तिकरण के लिए बीपीएमएस के संकल्प की जानकारी देते हुए बताया कि बीपीएमएस संसाधनों की कमी से किसी प्रतिभाशाली छात्रा का सपना नहीं टूटने देगा। संसाधन उपलब्ध करवा कर उसका सपना साकार करने में पूरी मदद की जाएगी। इसके अलावा हेल्थ सर्विस को लेकर जागरूकता अभियान के साथ.साथ दवाए हृदय रोगी के लिए जीवन रक्षक किट, कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने जैसी सेवाएं भी उपलब्ध करवाना बीपीएमएस के मिशन में शामिल है। अनीमिया व कैंसर जागरूकता के लिए भी संस्था की विशेष योजना है। राजेश चेतन ने बताया कि बीपीएमएस बहुत जल्द भिवानी के 140 डाक्टरों की डाक्टर्स मीट का आयोजन करने जा रहा है। स्वास्थ्य संबंधी हेल्पलाइन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया जाएगा। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच संचालन बीपीएमएस के प्रचार मंत्री प्रमोद शर्मा ने किया।


भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए।

#### नए साल के कार्यक्रम

संस्था के महासचिव दिनेश गुप्ता ने आगामी वर्ष के लिए होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से रूपरेखा रखी जिसे सबकी सहमति से अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों व संरक्षकों ने गत वर्ष संपन्न हुए कार्यक्रमों तथा आगामी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों व सेवा कार्योंर् के बारे में भी अपने सुझावों से संस्था के पदाधिकारियों को अवगत करवाया गया।

#### महिलाओं को आर्थिक संबल जरूरी

इसके पश्चात विभिन्न विषयों पर चिंतन करते हुए महिला सशक्तिकरण विषय पर डॉ. वंदना वत्स ने भिवानी जिले की महिलाओं के बारे में जानकारी साझा की और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किए जाने की महत्ता को भी बताया। इसके पश्चात वंदना वत्स ने सभी सदस्यों से अपील की कि शिक्षा क्षेत्र में उन लड़कियों की मदद करनी चाहिए जो मेधावी हैं लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रही हैं।

#### जरूरतमंदों को बड़ी पेशकश

वैश्य महाविद्यालय के सचिव डॉ.सुरेश गुप्ता ने स्वास्थ्य क्षेत्र में चिंतन करते हुए कहा कि जिस प्रकार आम जन अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही करते हैंए यह बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने इस बारे में संस्था को कार्य करने के लिए अनेक सकारात्मक सुझाव दिए। डॉ. सुरेश गुप्ता ने जरूरतमंदों के लिए कई बड़ी सहायतार्थ पेशकश कीं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे जिसका खर्च संस्था उठाएगी। प्रत्येक दिव्यांग को एक लाख रुपये तक के कृत्रिम अंग सर्जरी समेत उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# सम्मेलन को सफल बनाने को जांघू ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आगामी 11 जनवरी को कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए वरिष्ठ नेता नितिन जांघू ने वीरवार को कार्यकर्ताओं से बैठक की। बैठक के दौरान जांघू ने बताया कि 11 जनवरी को दादरी स्थित पोरटा होटल में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कांग्रेस के कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर दादरी के लोगों में खासा उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। जांघू ने कहा कि कार्यक्रम में और अधिक शामिल करने के लिए वे शुक्रवार से जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे और शहर के सभी वार्डों सहित क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर लोगों से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा।


चरखीदादरी। सम्मेल के लिए कार्यकताओं से चर्चा करते नितिन।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान सब्जीमंडी प्रधान नंदलाल ठुकराल, अनाजमंडी प्रधान रामकुमार रिटोलिया, वेदपाल कादयान, करतार सातौर, राजकुमार सैनी, सतबीर, जयबीर, मोहनलाल, भवन सैनी, कपिल, अजय पूनिया, नरेश धनोधिंया, दिनेश हड़ोदिया, अमित, लीलू, जोगेन्द्र, नरेंद्र आदि मौजूद थे।

### जिले में जल जीवन मिशन के लक्ष्य को किया पूरा

**चरखी दादरी।** जल जीवन मिशन योजना के तहत जिला को मिले सभी लक्ष्यों को पूरा कर लिया गया है और नए लक्ष्यों पर तेजी से काम किया जा रहा है। वीरवार को उपायुक्त ने जिला के कमेटी के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन का नोडल विभाग जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी जब भी लक्ष्यों को पूरा करने की रिपोर्ट तैयार करे तो उस समय संबंधित विभाग से भी एक लिखित जानकारी ले ली जाए, ताकि लक्ष्यों को लेकर अधूरी जानकारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेर्शों अनुसार गांव स्तर पर भी कमेटी का गठन सुनिश्चित करें और निर्धारित लक्ष्य से संबंधित काम के पूरा होने पर उस कमेटी को सौंप दिया जाए।

### आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस कैंप लगाया गया



**चरखी दादरी।** कस्बा बौंदकलां स्थित आदर्श वमा विद्यालय में एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के दोनों यूनिटों के कैडेटस ने मां सरस्वती की वंदना की। कैंप की अध्यक्षता विद्यालय संचालक प्रताप सिंह यादव ने की। बतौर कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस प्रभारी जयप्रकाश यादव की अगुवाई में कैडेट्स ने विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि संस्कृत अध्यापक भवानीसिंह ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन में एनएसएस का अपना विशेष महत्व है। छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ समाज के बारे में जानने व उनकी समाज के प्रति क्या जिम्मेदारियां हैं, इसकी जानकारी हासिल होती है। उन्होंने युवाओं से शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया। विद्यालय संचालक प्रताप सिंह यादव ने कहा कि एनएसएस एक ऐसा मंच है जिसके जरिए स्वयंसेवक न सिर्फ मानवता की भलाई के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यों में सीधी सहभागिता करते है।

# बाबा जहरगिरी के भंडारे के लिए किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

परमहंस बाबा जहरगिरी की पुण्यतिथि पर 19 जनवरी को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में होने वाले वार्षिक भंडारे एवं संत समागम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। वार्षिक भंडारे के प्रसाद के लिए हरिद्वार से गंगाजल की पहली खेप पहुंची तो वहीं भंडारे के प्रसाद के लिए वीरवार को भट्ठी पूजन किया गया। आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी ने विधि विधान से भट्ठी का पूजन किया। इसके बाद ही भंडारे का प्रसाद बनाने का कार्य शुरू हुआ। श्रीमहंत ने बताया कि परमहंस बाबा जहरगिरी दातार की पुण्यतिथि पर हर वर्ष भंडारा किया जाता है। 12 जनवरी को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 12 से 16 जनवरी तक दोपहर एक से 5 बजे तक भगवान शंकर के दिव्य महिमा प्रसंग, 19 को प्रातः 7 बजे बाबा जहरगिरी दिव्य स्नान पूजा, प्रातः 9 बजे बालभोग प्रसाद, सवा 9 बजे हवन-यज्ञ, 11 बजे पूणार्हुति, दोपहर एक बजे भंडारा व रात्रि 10 बजे से रात्रि जागरण होगा तथा भंडारे का संपूर्ण प्रसाद गंगाजल व शुद्ध घी से बनाया जाता है।


भिवानी। भट्ठी पूजन करते श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी।

▶▶ बाबा जहरगिरी की पुण्यतिथि पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर बाबा कैलाशगिरी, गणेश गिरी, किरोड़ी जैन हलवाई, गोपाल बुधिया, सुनील बौंदिया, पार्षद सुभाष तंवर, पार्षद संदीप यादव, दीलिप कोठारी, कामख्या गिरी, गणेश गिरी, कृष्ण हलवाई, नरेश हलवाई, पवन हलवाई मौजूद रहे।

### शिविर के चौथे दिन छात्रों को करवाया योगाभ्यास

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में एनएसएस प्रभारी कविता तंवर के निर्देशन में शिविर का चौथा दिन रहा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि उत्पन्न करना और स्वयं को स्वस्थ रखना रहा। योगाचार्या अंजू लोहान व आचार्या प्रोमिला वर्मा ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। सबसे पहले विद्यार्थियों को वार्म अप करने के लिए योगिंग जोगिंग का अभ्यास करवाया। उन्होंने खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, कटीचक्रासन, घुटना संचालन आसन, बैठकर किए जाने वाले आसनों में गोमुखासन ,उष्ट्रासन, उत्तान मंडुकासन, अर्ध मत्स्येंद्रासन आदि का अभ्यास करवाया।

# छात्रों को बताया स्वच्छता का महत्व

- स्कूली पर विद्यार्थियों को एनएसएस कार्यक्रमों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

एमएलएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अनिल वशिष्ठ ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्त्रम विद्यार्थियों में समाज के प्रति समर्पण और सजगता की भावना का संचार करता है। स्कूली पर विद्यार्थियों को एनएसएस कार्यक्रमों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेना चाहिए।

वे स्कूल परिसर में कार्यक्रम अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में शुरू किए गए सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ कर रहे थे। अनिल वशिष्ठ ने विद्यार्थियों का स्वच्छता का महत्व बताया और कहा कि घरए गली और मोहल्ले को साफ सुथरा व स्वच्छ रखकर कर हम स्वयं को ही नही बल्कि मोहल्ले के लोगों को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

कार्यक्रम अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि आत्म निर्भर भारत की थीम के साथ सात दिनों के दौरान स्वच्छता अभियान जाएगा और गांव में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन चेतना रैली भी निकाली जाएगी। शिविर के दौरान शिविरार्थियों ने स्कूल परिसर में सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उपप्राचार्य राजेंद्र शर्मा, कुलदीप जांगड़ा,विशाल, ज्योति यादव सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।


लोहारू। सोहांसरा में एनएसएस शिविर के दौरान सफाई करते विद्यार्थी।

## दिनोद रोड बृजवासी कॉलोनी में श्रीराम कथा का आयोजन

# आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए श्रीराम ने लिया जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भगवान श्रीराम ने आसुरी शक्तियों का नाश करने के लिए अवतार लिया था, ये विचार डॉ. विनय मिश्र ने दिनोद रोड बृजवासी कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन प्रवचन देते हुए कही। उन्होंने भगवान श्रीराम की बाललीला का बखान किया। श्रीराम कथा में उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ।

श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुडौल और सुंदर थे। राजा दशरथ व रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्रीराम पवित्र बाल लीला करते थे। उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करवाकर झूले पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई, जब वह पुनः लौटकर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान श्रीराम भोजन कर रहे हैं, जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्रीराम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाए और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी तथा माता की अवस्था देख श्रीराम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखलाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता ये बात आप किसी से न कहेंगी। राम कथा सुनने को लेकर काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है।


भिवानी। प्रवचन देते कथा व्यास डॉ. विनय मिश्र।

- श्रीराम कथा में उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ

# शिविर की शुरुआत योगाभ्यास से हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आगाज योगाभ्यास एवं शारीरिक गतिविधियों से हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हर्षित को पहलाए कंचन को दूसरा व अनु को तीसरा स्थान मिला। वीरवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ प्राचार्य राजेश झाझड़िया ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जोगेन्द्र सिंह व रेनू गाढ़ा के नेतृत्व में शिविरार्थियों के लिए आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओए नशा मुक्त भारत, डिजिटल इंडिया और पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता मे 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में योगेश्वर शर्मा ने प्रथमए प्रिया ने दूसरा व सपना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

मैं, राकेश (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र राधे श्याम निवासी गांव बहल, तहसील लोहारु, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम राकेश (पुराना नाम) से बदलकर राकेश सांखला (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में मुझे राकेश सांखला के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप


भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 39 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**तोशाम।** रक्तदान किसी के लिए भी बेहद सामान्य बात हो सकती है, लेकिन जरूरतमंद के लिए ये जिंदगी और मौत का सवाल होता है। रक्त की जरूरत कभी भी किसी को भी पड़ सकती है, इसलिए हर किसी को इसकी अहमियत समझनी चाहिए। गुरुवार को तोशाम के राजकीय वमा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्त लेने के लिए बाढ़सा एम्स की टीम ने डॉ. अमन कुमार की अगुवाई में 39 यूनिट रक्त एकत्रित किया।


तोशाम। पंचायत के फैसले की जानकारी देते किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

### ग्राम पंचायत खावा ने ट्रस्ट को दी दो कनाल भूमि दान

**तोशाम।** महिला पहलवानों के न्याय के संघर्ष के दौरान सड़क दुर्घटना में शहीद हुए भाकियू के संस्थापक सदस्य एवं ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के संयोजक शहीद मंगल सिंह खरेटा की प्रतिमा निर्माण व किसान भवन बनाने के उद्देश्य से गांव खावा की पंचायत ने गौ-किसान समृद्धि ट्रस्ट को दो कनाल भूमि दान की है। यह जानकारी भाकियू के संस्थापक सदस्य एवं मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन होशियार सिंह ने दी।

### देश लगातार प्रगति के पथ परः सांसद

**बहल।** भिवानी महेन्द्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जहां देश की विदेशों में अपनी अलग पहचान बनी है वहीं देश में ऐसी योजनाओं को लागू किया गया है जिससे समाज के हर वर्ग के लोगों को सहूलियत मिली है। वे वीरवार को सुधीवास व सिंघानी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

# कुछ पर बनी सहमति तो कुछ पर फंसा पेच, मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

- 15 दिन बाद होगी डायरेक्टर के साथ वार्ता मीटिंग
- कर्मचारी नेताओं की दो टूक, मांग पूरी नहीं हुई करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। अधिकारी के साथ बातचीत करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ से संबंद्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की एडीशनल डायरेक्टर प्रशासन के साथ शिक्षा सदन पंचकूला में लगभग दो घंटे तक वार्ता मीटिंग चली। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिस पर विस्तृत चर्चा करने के बाद कई मांगों पर सहमति बनी तो कुछ मांगों पर पेंच फंस गया। हालांकि अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को फिर से दो सप्ताह बाद बातचीत के लिए बुलाया है, लेकिन एकबारगी तो आधी मांगें अटक गई।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर निर्धारित समय में उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे चार फरवरी को रोहतक में एसकेएस की रैली में शामिल होंगे और उसके बाद आंदोलन की रुपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि विगत में कमचारी नेताओं की शिक्षा मंत्री एसीएस व डायरेक्टर के साथ भी इन मांगों को लेकर मीटिंग हुई थी, लेकिन समस्याएं ज्यो की त्यो है। जिसको लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त रोष व्याप्त है। इस पर एडीशनल डायरेक्टर ने भरोसा दिलाया कि प्राथमिकता के आधार पर उनकी इन समस्याओं का तयशुदा समय में समाधान कर दिया जाएगा। अब उनकी मांगों को लटकने नहीं दिया।

### इन मांगों पर बनी सहमति

हेमसा के प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान ने बताया अधिकारी के साथ हुई बातचीत में वरिष्ठता सूची पर अपडेट करने, सभी खाली पदों पर पदोन्नतियां, एसीपी का निपटान, दूसरे विभागों में ड्यूटी ना लगाने, लिपिक के कार्य को अधिसूचित करन, 2020 भर्ती की सेवा करने, कठिन क्षेत्र का स्पेशल भत्ता आदि मांगों पर सहमति बनी। अधिकारी ने भरोसा दिलाया कि उनकी इन मांगों को जल्द ही हल करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मांगों पर सहमति नहीं बनी उनमें दूर.दराज स्थानांतरित का समायोजन करन, शक्तियों का विकेंद्रीयकरण करने, एसईटीसी की बजाए रिफेशर कोर्स, वर्कलोड अनुसार नए पद व सेवानियम आदि मांग शामिल है। इन मांगों पर निदेशक के साथ 15 दिनों बाद मीटिंग होंगी।

### क्या कहते हैं कर्मचारी नेता

*हेमसा के प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान व महासचिव हितेंद्र सिहाग ने बताया कि शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी लंबे अरसे अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत्त है। आंदोलन के दबाव में ही अतिरिक्त निदेशक के साथ वार्ता मीटिंग हुई है तथा 15 दिन बाद पुनः मीटिंग करने का आश्वासन दिया गया है। इससे पहले एसोसिएशन की अतिरिक्त निदेशक के साथ ब्रांच के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में संदीप सांगवान, हितेंद्र सिहाग, उदयभान यादव, अरविंद चौहान, सुमन रानी आदि शामिल थी।*

## नेत्रहीनों के लिए लुईस ब्रेल वास्तव में मसीहा थे : अतिथि

# ब्रेल लिपि से पढ़कर दिव्यांग बच्चे उच्च पदों पर पहुंच रहे : भारद्वाज

आस्था स्पेशल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। ब्रेल लिपि के अविष्कारक लुईस ब्रेल को नमन करते अतिथिगण व लुईस ब्रेल के जन्मदिवस पर हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती दिव्यांग छात्राएं।

आस्था स्पेशल स्कूल में ब्रेल लिपि के अविष्कारक लुईस ब्रेल के जन्मदिवस पर सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुभारंभ में लुईस ब्रेल के चित्र के समक्ष पुष्प माला एवं द्वीप प्रज्वलित किया। इस दौरान नेत्रहीन दिव्यांग शुभम ने भजन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मुख्यतिथि प्रदीप भारद्वाज, लिटिल हार्टस स्कूल के संस्थापक पवन गोयल, आकाशवाणी रोहतक के वरिष्ठ उद्घोषक संपूर्ण बागड़ी, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता रितु शर्मा, प्रोफेसर करण सिंह, सेवानिवृत्ति रजिस्ट्रर आत्मप्रकाश, अधिवक्ता मुकेश रहेजा, राम अवतार शर्मा, मास्टर रामभगत, रविंद्र बापोड़ा, तरुण कुलश्रेष्ठ एवं ऋतुपर्ण ओला उपस्थित रहे। भारद्वाज ने बताया कि शर्मा दंपति वास्तव में अनूठा कार्य कर रही है, हमें प्रत्येक वर्ग को इनकी ऊर्जा में शामिल होकर दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। लुईस ब्रेल वास्तव में नेत्रहीनों के लिए मसीहा थे और मसीहा ही रहेंगे। उनके द्वारा तैयार ब्रेल लिपि से दिव्यांग बच्चे पढ़कर बड़े-बड़े पदों तक पहुंच रहे हैं।

गोयल ने बताया कि जुनून इंसान का सबसे बड़ा धन है, वह आस्था में बखूबी तौर पर देखा जा सकता है। आकाशवाणी रोहतक के उद्घोषक संपूर्ण बागड़ी ने बताया कि मैं उनके जुनून को नमन करता हूं कि इस धरा पर एक ऐसा पौधा लगा दिया जो आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा। इस मौके पर लुईस ब्रेल अवार्ड पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य एमएस चौहान, आकाशवाणी रोहतक के प्रसारण अधिकारी विनय कुमार एवं सुखबीर को दिया गया, जिन्होंने दिव्यांगता को मात देकर समाज की मुख्य धारा में आकर समाज को विशेष संदेश दिया। नेत्रहीन शुभम ने भजन, दिव्यांग बधिर बेटियों ने हरियाणवी नृत्य व नेत्रहीन भूमित ने गाना प्रस्तुत किया। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका सुमन शर्मा ने बताया कि हमारा ये जुनून आपके सहयोग से हमें ऊर्जा देने का काम करेगा। इस अवसर पर लालचंद, स्कूल स्टाफ दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावक को उपस्थित रहे।

### डाक टिकट किया जारी

*संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि लुईस ब्रेल की मौत के 100 साल पूरे होने पर फ्रांस सरकार ने उनके दफनाए शरीर को बाहर निकाला और राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर राजकीय सम्मान के साथ पुनः दफनाया। लुइस ब्रेल की ब्रेल लिपि को वर्ष 1868 में रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ ने मान्यता दी। केंद्र सरकार ने 2009 में लुइस ब्रेल के सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। वहीं उनकी लिपि में सभी धर्मों के धर्मग्रंथ रामायण, कुरान, भागवत गीता आदि पुस्तकें प्रकाशित हैं।*


भिवानी। लुईस ब्रेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।

### आदर्श पुनर्वास एवं स्पेशल स्कूल में मनाई लुईस ब्रेल की जयंती

**भिवानी।** आदर्श पुनर्वास केंद्र एवं स्पेशल स्कूल में ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुईस ब्रेल की जयंती मनाई गई। संस्था के निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने बताया कि लुइस ब्रेल का जन्म चार जनवरी 1809 को फ्रांस में हुआ था, जो दिव्यांगों के लिए ज्ञान के मसीहा बनकर आए, क्योंकि उनके द्वारा विकसित की गई ब्रेल से आज दृष्टिबाधीत दिव्यांग पढ़कर उच्च पदों पर आसीन हो रहे है। इसी दूरगामी सोच ने दिव्यांगों के जीवन में रोशनी ला दी। इस अवसर पर विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों ने प्रेरणा ली कि हम भी दिव्यांग बच्चों के जीवन में शिक्षा की रोशनी लाकर समाज कि मुख्य धारा में लाएंगे। दिव्यांग विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विशेष दिव्यांग बच्चों ने पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग आदि में अपनी प्रतिभा को दिखाया।

### 14 करोड़ 48 लाख की दी वित्तीय सहायता

- एक अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक 6230 लाभपात्रों को मिला पैसा

**भिवानी।** सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा आमजन के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। विभाग द्वारा एक अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक 6230 लाभपात्रों को 14 करोड़ 48 लाख 86 हजार 750 रूपए की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तिय सहायता दी जा चुकी है। उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत 1155 लाभपात्रों को पांच करोड़ 75 लाख 54 हजार रूपएए डॉण बीआर अंबेडकर नवीनीकरण आवास योजना के तहत 496 लाभपात्रों को तीन करोड़ 96 लाख 80 हजार रूपए, अत्याचार निवारण स्कीम के तहत 80 लाभपात्रों को 69 लाख 93 हजार 750 रूपए तथा मुख्यमंत्री सामाजिक समरस्ता अंर्तजातीय विवाह शगुन योजना के तहत 18 लाभपात्रों को 45 लाख रूपए की वित्तिय सहायता राशि दी चुकी है। विभाग द्वारा कानूनी सहायता स्कीम के तहत तीन लाभ पात्रों को 55 हजार , डिबेट एवं सैमीनार के माध्यम से 29 हजार 800 , प्रचार.प्रसार स्कीम के तहत 87 हजार 200 तथा डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र योजना के तहत 4478 लाभपात्रों को तीन करोड़ 59 लाख की सहायता दी।

### नेशनल ओलंपियाड प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एक बार फिर से छाए श्री लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के छात्र



*बवानी खेड़ा। श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नवम्बर माह में हुई नेशनल ओलंपियाड प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अहम स्थान प्राप्त किया जिसमे अदिती, निधि, सिमरन, दसवीं कक्षा से और राखी कक्षा ग्यारहवी ने अपना अहम स्थान प्राप्त करके विद्यालय और अपने माता.पिता का नाम रोशन किया। इन सभी बच्चो को भिवानी में हुए सम्मान समारोह के अंतर्गत सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर सभी बच्चो का जोरदार स्वागत किया गया जिसके बाद स्कूल प्राचार्य संजय बामल द्वारा बच्चों को इस प्रकार की गणित और विज्ञान को लेकर होने वाली प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओ के महत्व के बारे में बताया और इनमे बढ़.चढ़ कर भाग लेने के लिए सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया।*

# 21 अभ्यार्थियों को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


भिवानी। आर्यन कोचिंग के शिक्षकों के साथ सफल अभ्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आर्यन कोचिंग सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने की। कार्यक्रम में हाल ही में दिल्ली पुलिस की कांस्टेबल परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चुके युवाओं ने इसमें शिरकत की। गौरतलब है कि सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 12 लड़कों व 9 लड़कियों ने दिल्ली पुलिस कांस्टेबल की लिखित परीक्षा में शानदार सफलता पाते हुए मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी सफल अभ्याथियों ने वर्तमान में कोचिंग ले रहे युवाओं को मार्गदर्शित व आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

सांगवान ने कहा कि शिक्षार्थियों को अपनी शिक्षा और अपने आस-पास की दुनिया से जोड़े रखने में आत्मविश्वास भी एक बड़ा कारक है। आत्मविश्वास बढ़ाकर आप शिक्षार्थी को ये विश्वास दिला रहे हैं कि उनमें कुछ हासिल करने की क्षमता है और असफल होने का डर भी कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास वह ऊर्जा है, जो सफलता की राह में आने वाली हर अड़चनों, कठिनाइयों और परेशानियों से मुकाबला करने के लिए व्यक्ति को बल देती है।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर में जागरूक करते हुए।

बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के चौथे दिन पर बड़े हषार्ेल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस विभाग से उप.निरीक्षक वेद सिंह पूनिया ने विद्यालय प्रांगण में शिरकत की।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने फूलों का गुलदस्ता व स्वागत गीत से उनका हार्दिक अभिनंदन किया। वेद सिंह पूनिया ने विद्यार्थियों को एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा यातायात जागरूकता वाले बैनरए स्लोगन एवं पोस्टरों के माध्यम से एक लघु नाटिका सुनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अमित कुमार ने आपातकालीन नंबरों के पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ जानकारी साझा की। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा सड़क पर चलने के नियमों के बारे मेंए हेलमेट पहननाए सीट बेल्ट लगानाए वाहन सजग होकर धीरे चलानाए वाहन चलाते समय नशा न करने के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने अतिथि का भव्य स्वागत किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह के शाब्दिक अर्थ को परिभाषा सहित समझाते हुए बताया की यह हमें स्वयं के लिए नहीं, अपितु दूसरों के लिए जीना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ का किया अभिनंदन

- भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, उनका सम्मान रहेगा सर्वोपरि : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़। फोटो :हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय में वीरवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला अभिनंदन किया तथा उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन जिलास्तर पर ओर अधिक मजबूत बनेगा, जिसके सुखद परिणाम भविष्य में होने वाले चुनाव में देखने को मिलेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मुकेश गौड़ का स्वागत किया और कहा कि उन्होंने हरियाणा युवा आयोग के चेयरमैन पद पर रहते हुए सराहनीय कार्य किए, जिसके फलस्वरूप युवाओं में उनकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा है।

जिलाध्यक्ष गौड़ ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि उनके लिए गौरव की बात है कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि उनकी सबसे बड़ी चुनौती रहेगी कि पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा तैयार मजबूत सांगठनिक ढ़ांचे को बनाए रखना तथा उसे ओर आगे ले जाना। पार्टी का पन्ना प्रमुख तक का गठन पहले ही किया जा चुका है तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए और अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा।



### डीएमसी ने सेक्टर पार्कों, सामुदायिक केंद्र और सड़कों का किया निरीक्षण

*भिवानी। एडीसी एवं डीएमसी अनुपमा अंजलि ने वीरवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर सेक्टर 13 और 23 में सामुदायिक केंद्रए पार्क और सड़कों का निरीक्षण किया। डीएमसी अंजलि सुबह.सुबह सेक्टर 13 स्थित सामुदायिक केंद्र पहुंची। उन्होंने यहां पर पेयजल, शौचालय की व्यवस्था का जायजा लिया, जो कि संतोषजनक नहीं मिली।*

*इसके बाद उन्होंने सेक्टर 13 और 23 के पार्क और सड़कों की दशा को देखा। इस दौरान यहां के निवासियों ने डीएमसी को बताया कि सड़कों की हालत जर्जर होने के कारण आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर डीएमसी ने मौके पर मौजूद शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों को सड़कों, पार्को और सामुदायिक केंद्र के जल्द से जल्द एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए।*

### स्टेडियम निर्माण सामग्री के लिए सैंपल

*चरखी दादरी। घसौला में बन रहे स्टेडियम में प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का सैंपल भरकर जांच के लिए भेज गए हैं हाल ही में शिकायत के आधार पर उपायुक्त मनदीप कौर ने घसौला के स्टेडियम निर्माण के कार्य की जांच करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी थी। गत सोमवार को एडीसी के प्रतिनिधि के तौर पर जिला परिषद के सीईओ प्रदीप कौशिक पंचायती राज व लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण सामग्री के सैंपल ले लिए ।*

